रिपोर्ट : रियल एस्टेट गतिविधियों में पटना शीर्ष और गया दूसरे स्थान पर

- रेरा ने जारी की वार्षिक रिपोर्ट, गया दूसरे और भागलपुर तीसरे स्थान पर
- इस वर्ष कुल निबंधित 109 परियोजनाओं में से 64 राजधानी में चल रहीं

पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो। पटना रियल एस्टेट गतिविधियों का मुख्य केंद्र बना हुआ है। वर्ष 2023-24 में रेरा में निबंधित कुल 109 परियोजनाओं में से 64 राजधानी की ही हैं। इसके बाद गया और भागलपुर का स्थान है।

सारण, वैशाली, मुजफ्फरपुर और औरंगाबाद जैसे जिलों में भी रियल एस्टेट क्षेत्र की गतिविधियां चल रही हैं। इनमें से प्रत्येक जिले में एक-एक परियोजना निबंधित की गई है। रेरा की वर्ष 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। गुरुवार को भू संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) ने रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट रेरा की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसमें प्राधिकरण द्वारा किए गए कार्यों का विवरण शामिल है। रियल एस्टेट परियोजनाओं का निबंधन, उनके प्रकार, शिकायतवादों की संख्या एवं मामले का निपटारा, दोषी प्रमोटरों पर जुर्माना लगाना जैसे संबंधित विवरण इसमें शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार शिकायत वादों की संख्या में लगातार तीसरे साल गिरावट रही। वर्ष 2020-21 में रेरा में दर्ज कराई गई शिकायतों की संख्या 1124 थी। वर्ष 2021-22 में यह घटकर 978 रह गई। वर्ष 2022-23 में 692 और वर्ष 2023-24 में यह आंकड़ा 438 रह गया। रेरा की ओर से हरेक वर्ष रिपोर्ट जारी की जाती है। इसमें अनियमितताओं को कम करने और रियल एस्टेट क्षेत्र के हितधारकों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए प्राधिकरण द्वारा उठाए गए कदम पर भी एक विशेष अध्याय है।